# अग्नि सुरक्षा कार्यशाला (पटना, दिनांक 23.01.2016) की विवरणिका

दिनांक 23.01.2016 को अधिवेशन भवन, पटना में अग्नि सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि **श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार** थे । कार्यशाला के प्रारम्भ में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा अग्निशमन विभाग से संबंधित वाहनों एवं उपकरणों की प्रदर्शनी को देखा गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा अग्निशमन सेवा से संबंधित कैलेन्डर का विमोचन भी किया गया ।




उक्त कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार सिन्हा, माननीय उपाध्यक्ष बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार सरकार एवं लेफ्टिनेन्ट जेनरल (से0नि0) श्री एन0सी0 मारवाह, माननीय सदस्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली थे । उद्घाटन समारोह के अवसर पर श्री यू0के0 मिश्रा, माननीय सदस्य, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार सरकार के अतिरिक्त में श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना, श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना, भी उपस्थित थे । स्वागत संबोधन **श्री पारस नाथ राय, भा0पु0से0,** पुलिस महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ, बिहार, पटना द्वारा किया गया जबकि श्री सतीश कुमार, भा0पु0से0, पुलिस

उप–महानिरीक्षक–सह–उप–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ, बिहार, पटना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

उद्घाटन सत्र के समापन के उपरान्त उपर्युक्त कार्यशाला का आयोजन चार तकनिकी सत्रों (Fire safety workshop programme *)में किया गया ।

प्रथम तकनिकी सत्र का विषय – **BIHAR FIRE SERVICES ACT 2014, STATE BUILDING BY- LAWS AND NATIONAL BUILDING CODE - OPERATIONAL ISSUES** था । इस सत्र के अध्यक्ष श्री डी0के0 शम्मी, फायर एडभाईजर, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली थे । इस सत्र के अन्य पैनलिस्ट थे – श्री पी0आर0 श्रीवास्तव, चीफ टाउन प्लानर (से0नि0), बिहार सरकार, श्री रमेश चन्द्र, चीफ फायर ऑॅफिसर (से0नि0), बिहार सरकार थे ।

द्वितीय तकनिकी सत्र का विषय – **FIRE SAFETY IN HIGH RISE BUILDING, MALLS, MULTIPLEX & PUBLIC PLACES** था । इस सत्र के अध्यक्ष श्री डी0पी0 विश्वास, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएँ, कोलकाता एवं सह–अध्यक्ष श्री आर0सी0 शर्मा, पूर्व निदेशक, दिल्ली फायर सर्विस, नई दिल्ली थे । इस सत्र के अन्य पैनलिस्ट थे – श्री आर0के0 ठाकुर, श्री चन्द्र शेखर सिन्हा, सिनियर प्रैक्टीशिंग आर्किटेक्ट, पटना, श्री एन0के0 ठाकुर ।

तृतीय तकनिकी सत्र का विषय – **FIRE PREVENTION AND PROTECTION IN MUNICIPAL TOWNS –"FUTURE SMART CITIES"** था । इस सत्र के अध्यक्ष श्री सुधीर कृष्णन, भा0प्र0से0, भूतपूर्व सचिव, नगर विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सह–अध्यक्ष श्री अमृत लाल मीणा, भा0प्र0से0, मुख्य सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार थे । इस सत्र के अन्य पैनलिस्ट थे – श्री मो0 शमीम, निदेशक, एन0एफ0एस0सी0, नागपुर, श्री डी0के0 शम्मी, फायर एडभाईजर, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, श्री हरि शंकर सिंह, आर्किटेक्ट, नगर विकास एवं आवास, बिहार सरकार, श्री निरज सॉनिक, आर्किटेक्ट प्रेसिडेन्ट, बिहार एवं झारखण्ड चैप्टर थे ।

चतुर्थ तकनिकी सत्र का विषय – **AWARENESS AND CAPACITY BUILDING OF FIRE SERVICE, OCCUPANTS AND END USERS** था । इस सत्र के अध्यक्ष श्री पारस नाथ राय, भा0पु0से0, महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ, बिहार, पटना थे । इस सत्र के अन्य पैनलिस्ट थे – श्री पी0के0 सिंह, ए0जी0एम0, फायर, एस0बी0आई0, पटना, श्री क्लेमेन्ट फ्लोरियन, राज्य अग्निशाम पदाधिकारी (से0नि0), बिहार, श्री विशाल वासवानी, प्रोजेक्ट ऑॅफिसर थे ।

उपर्युक्त कार्यशाला के संयोजक विभाग थे –

01. बिहार अग्निशाम सेवा,
02. आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार,
03. नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार,
04. बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार सरकार ।